


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 13 जून-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 243 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया








# TMC : चोट पर चोट

## आधी रात अभिषेक बनर्जी के घर का ताला तोड़कर अंदर घुसी पुलिस

**● मौके पर पहुंची ममता बनर्जी ने लगाया प्रतिशोधात्मक कार्रवाई का आरोप**

**● अलसुबह तृणमूल विधायक के घर भी छापेमारी**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस के लिए शनिवार का दिन भारी हलचल और कानूनी संकटों से भरा रहा। एक तरफ जहाँ पुलिस ने टीएमसी के राष्ट्रीय महा-सचिव और सांसद अभिषेक बनर्जी के पर्सनल असिस्टेंट (PA) सुमित रॉय की तलाश में उनके कोलकाता स्थित आवास पर छापेमारी की, वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय जांच एजेंसी ED ने पार्टी के एक और कद्दावर विधायक मदन मित्रा के कई ठिकानों पर धावा बोल दिया। खबरों के मुताबिक, शालबोनी पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने कोलकाता पुलिस के जवानों के साथ मिलकर सुबह-सुबह तलाशी अभियान चलाया। शालबनी थाना और कोलकाता पुलिस की एक विशाल टीम ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के कालीघाट (पटुआपाड़ा) स्थित आवास पर धावा बोल दिया। देर रात करीब ढाई बजे शुरू हुए इस हाई-वोल्टेज ड्रामे में पुलिस अधिकारियों ने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब न मिलने पर आखिरकार घर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया। इस दौरान केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर रखी थी। इस घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी सुबह-सुबह गाड़ी से सीधे अभिषेक के घर पहुंचीं। तलाशी को लेकर अभिषेक बनर्जी ने आक्रोश जताते हुए कहा कि पुलिस ने ताला तोड़कर पूरे घर की तलाशी ली है। वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में ईडी की टीमों ने विधायक मदन मित्रा कोलकाता और उसके आसपास के लगभग सात ठिकानों पर एक साथ दस्तक दी है। केंद्रीय सुरक्षा बलों की भारी तैनाती के बीच जांच एजेंसी मित्रा के भवानीपुर और कालीघाट स्थित दोनों आवासों पर दस्तावेजों को खंगाल रही है। इसके अलावा ईडी की एक टीम बेहाला इलाके में भी छापेमारी जारी है।

## असम के जोरहाट में भारतीय वायुसेना का विमान क्रैश, लैंडिंग के दौरान हादसा



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना (IAF) का एक AN-32 परिवहन विमान असम के जोरहाट एयरफोर्स स्टेशन पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। यह हादसा तब हुआ जब AN-32 जोरहाट एयरफ़ील्ड पर उतरने की कोशिश कर रहा था। क्रैश होने के तुरंत बाद विमान में भीषण आग लग गई। हादसे की खबर मिलते ही आपातकालीन प्रतिक्रिया टीमों को तुरंत मौके पर रवाना किया गया। फिलहाल विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। हादसे में किसी के हताहत होने के संबंध में भी अभी तक कोई आधिकारिक या स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

## सिन्धु का पानी आतंकियों के लिए नहीं है, निलंबित रहेगा जल बंटवारा समझौता



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि आतंक के संरक्षकों तक सिंधु नदी का पानी नहीं पहुंचने देंगे। रक्षा मंत्री ने साफ तौर पर कहा कि भारत शांति की भाषा न समझने वालों को जवाब देना अच्छे से जानता है और जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को पूरी तरह बंद नहीं करता, तब तक यह जल-बंटवारा समझौता निलंबित ही रहेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैदराबाद में आयोजित एक 'बुद्धिजीवी सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' और पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित किए जाने का जिक्र किया।

## अखिलेश की बेटी पर टिप्पणी मामले में सीएम योगी सख्त



**आजमगढ़।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ में जनसभा के दौरान कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की पुत्री के खिलाफ कुछ लोगों ने गलत टिप्पणियां की थी। जैसे मेरे संज्ञान में आया मैंने तत्काल पुलिस से कहा इसमें एफआईआर दर्ज कराओ। बेटी के खिलाफ कोई भी अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार नहीं होनी चाहिए। बेटी बेटी होती है और हम उस संस्कार में पले बढ़े हैं जहां कहा जाता है कि गांव की बेटी सबकी बेटी, गांव की बहन सबकी बहन। सीएम योगी ने कहा कि हमने तो कोई भेदभाव नहीं किया, लेकिन अखिलेश जी दूसरों को उपदेश देते हो अपने चेले-चपाटों को भी थोड़ा उपदेश दे दो कि अपनी भाषा को संयम कर लें। दूसरों के प्रति टिप्पणी करने के पहले स्वयं भी सोचा करो कि उनके लोग किस प्रकार की भाषा का प्रयोग बेटियों, बहनों के प्रति करते हैं।

## कासगंज में आंधी-बारिश से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

**कासगंज।** सिढ़पुरा थाना क्षेत्र के गांव शेखूपुर में शनिवार सुबह करीब 5 बजे तेज आंधी और बर्षा के दौरान एक पुराने मकान की छत भरभराकर गिर गई। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में 30 वर्षीय वीरभान, उनकी 27 वर्षीय पत्नी नीलम और तीन वर्षीय बेटी काव्या शामिल हैं। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 10 वर्षीय काजल, सात वर्षीय सूरज और पांच वर्षीय किरन गंभीर रूप से घायल है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही डीएम प्रणय सिंह और एसपी ओपी सिंह ने घटनास्थल तथा अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता का भरोसा दिया।

## गर्ल्स हास्टल से कूदकर महिला सिक्योरिटी गार्ड ने दी जान!

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क कोतवाली क्षेत्र के एक गर्ल्स हॉस्टल में शनिवार को महिला सिक्योरिटी गार्ड ने बिल्डिंग से कूदकर जान दे दी। मृतका की पहचान पारुल पत्नी सौरभ चौधरी, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी ग्राम बा-फर, थाना जानी, मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल पारुल को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, प्रथम दृष्टया पति-पत्नी के पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। फिलहाल, स्वजन मौके पर मौजूद हैं। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## ट्रिपल सुसाइड से हड़कंप : वडोदरा में 24 घंटे में दो दोस्तों ने की खुदकुशी तीसरे ने बिहार में दी जान

**अहमदाबाद।** वडोदरा के मकरपुरा इलाके में एक बहुत ही चौंकाने वाली और रहस्यमयी घटना सामने आई है, जिसमें दो प्रवासी दोस्तों ने 24 घंटे से कम समय में सुसाइड कर लिया, जिससे पूरे इलाके में हलचल मच गई। यह घटना तब और भी गंभीर हो गई जब, यह जानकारी सामने आई कि इन दोनों युवकों के एक तीसरे दोस्त ने भी दो दिन पहले बिहार में फांसी लगा ली थी। शक है कि एक ही दोस्तों के ग्रुप के तीन युवकों की दुखद मौतों के पीछे कोई बड़ा राज छिपा हुआ है। पिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दरगाह से लौट रहे लोगों की कार भिड़ी ट्रेलर से, चार की मौत, एक गंभीर

**आजमगढ़।** आजमगढ़-वाराणसी नेशनल हाईवे पर देवगांव कोतवाली के कंजहित बाजार के दक्षिणी किनारे पर बरडीहा चन्दवक जौनपुर मोड़ के समीप शुक्रवार की देर रात एक सड़क दुघर्टना मे चार लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। देवगांव कोतवाली के कंजहित बाजार के समीप अर्टिगा कार और ट्रेलर की टक्कर मे हाफिज अब्दुल रज्जाक मृतक सहित सभी डाल्टेनगंज पलामू झारखंड के निवासी बताए जा रहे हैं। अंबेडकर नगर जिले के किसी दरगाह से वापस हो रहे थे।

## कार-बस टक्कर में 35 घायल

**कटिहार।** कटिहार के कोढ़ा थाना क्षेत्र में NH-31 पर यात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे 35 से अधिक लोग घायल हो गए। घायल अधिकांश यात्री मजदूर बताए जा रहे हैं, जो नवादा से पश्चिम बंगाल जा रहे थे। सुबह तीन बजे बस जुराबगंज के पास पहुंची थी। इसी दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार से जा भिड़ी।

## खड़े ट्रक में जा घुसी कार, 4 की मौत

**नूंह।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक कार खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसा इतना दर्दनाक था कि कार में सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा फिरोजपुर झिरका क्षेत्र के रवा गांव के पास चैनल नंबर 40 पर हुआ। हादसे में मरने वालों में तीन महिलाएं व एक पुरुष शामिल हैं। वहीं हादसे में एक बच्चा अक्षय और उसका पिता जवाहर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को भर्ती कराया गया।

## सुबह टहलने निकले बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या



**प्रयागराज।** लाल की चुंगी क्षेत्र में शनिवार सुबह मॉर्निंग वॉक कर रहे 68 वर्षीय राम दुलारे कोरी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। लबे सड़क हुई वारदात से राहगीरों में खलबली मच गई। मौके पर पहुंची कर्नलगंज पुलिस जांच में जुट गई। कत्ल किसने और क्यों किया? यह अभी साफ नहीं हो सका है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए कातिलों की तलाश पुलिस कर रही है। बताया गया है कि शिवकुटी थाना क्षेत्र के लाल की सराय मोहल्ला निवासी रामदुलारे टाइल्स लगाने काम करते थे। शनिवार सुबह वह लाल की चुंगी के पास टहल रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान वहां आए बाइक सवार युवक ने फायर झोंक दिया। गोली लगते ही रामदुलारे सड़क पर गिर गए।

# दुश्मन की मिसाइलें हवा में होंगी ढेर

## भारतीय मल्टी लेयर्ड बैलिस्टिक डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण


**● अब नहीं रहा इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल का खतरा**

**नई दिल्ली।** भारत अब लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों, यहां तक कि इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल के खतरों का भी मुकाबला कर सकता है। DRDO ने 10 और 11 जून को लगातार 3 फ्लाइट टेस्ट किए गए, जिनमें मल्टी-लेयर्ड बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (BMD) सिस्टम का प्रदर्शन किया गया। इसमें इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) क्लास तक के खतरों समेत बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने और बेअसर करने की क्षमता भी शामिल है। यह स्वदेशी तकनीक दुश्मन की मिसाइलों को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले हवा में ही नष्ट कर देती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 13 जून



को टेस्टिंग की तस्वीरें X अकाउंट पर शेयर की हैं। इसके साथ-साथ नेवल एंटी शिप मिसाइल-मीडियम रेंज का भी टेस्ट किया गया। इसे भारत की समुद्री स्ट्राइक और डिफेंस स्किल को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। भारत अब उन खास देशों के ग्रुप में शामिल हो गया है, जिनके पास ऑपरेशनल-लेवल की बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस क्षमता है। भारत से पहले यह तकनीक अमेरिका, रूस, इजराइल और चीन के पास थी।

## महिला टी20 विश्व कप में इंग्लैंड का दबदबा



**एजबेस्टन।** महिला टी20 विश्व कप की धमाकेदार शुरुआत हुई है। पहले मैच में मेजबान इंग्लैंड ने श्रीलंका को एकतरफा अंदाज में हराया। इस मैच में पूरी तरह से इंग्लैंड का दबदबा देखने को मिला और डैनी वॉट हॉग ने पहले ही मैच में शतक भी लगाया। इंग्लैंड ने इस तरह टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की है, जबकि श्रीलंका को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में कई रिकॉर्ड्स टूटे। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 20 ओवर में सिर्फ एक विकेट खोकर 219 रन बनाए, जो महिला टी20 विश्व कप इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड ने इस मुकाबले में श्रीलंका को 87 रनों से हराया। इससे पहले, महिला टी20 विश्व कप में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी इंग्लैंड के नाम था।



जनमुख City लाइव हिन्दी दैनिक
● तापमान अधिकतम : 37.0°C
● तापमान न्यूनतम : 27.0°C
● सूर्योदय : 05.19
● सूर्यास्त : 06.30
वाराणसी, 13 जून, शनिवार, 2026 (3)







# बीएचयू में विज्ञान भारती अधिवेशन शुरू

## दीप प्रज्जवलित कर योगी आदित्यनाथ ने किया शुभारम्भ



● आयोजन में चिकित्सा, शिक्षा और विज्ञान जगत् के विशेषज्ञों के साथ उद्योगों से जुड़े लोगों ने की भागीदारी

**वाराणसी।** बीएचयू में शनिवार यानी आज से विज्ञान भारती का सातवां राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू हुआ। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने महामना पं. मदन मोहन मालवीय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किए। स्वतंत्रता भवन में आयोजित कार्यक्रम में सीएम का स्वागत किया गया। बता दें कि दो दिन तक चलने वाला ये कार्यक्रम कई मायनों में खास है। इस आयोजन में जहां चिकित्सा, शिक्षा और विज्ञान जगत के विशेषज्ञों के साथ उद्योगों से जुड़े लोग शामिल हुए हैं, वहीं आध्यात्म के साथ रिसर्च और इनोवेशन को भी नई दिशा मिल रही है। युवाओं को देश-विदेश से आए विशेषज्ञों के साथ संवाद का अवसर भी मिलेगा। विज्ञान भारती के स्वदेशी विज्ञान आंदोलन के तहत आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में विभिन्न सत्रों में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। अधिवेशन की थीम ''एआई एंड एथिक्स, वन हेल्थ एंड नेट जीरो'' है, जिसे युवाओं के लिए बेहद उपयोगी माना जा रहा है। सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि विज्ञान भारती का सातवां अधिवेशन आयोजित हो रहा है। 1300 से अधिक प्रतियोगियों ने अब तक कार्यक्रम में भागीदारी करने के लिए अपना पंजीकरण भी किया है। यह हिंदू विश्वविद्यालय है, इसकी स्थापना के पीछे का उद्देश्य ही ज्ञान-विज्ञान के ऐसी धारा के रूप में काशी को उसकी पहचान दिलाना है, जिसके लिए हमारी काशी जानी जाती थी और यह सातवां अधिवेशन उस कार्यक्रम की एक नई श्रृंखला का हिस्सा है। विज्ञान भारती को बीएचयू में इस कार्यक्रम के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूं।




# व्यक्तित्व निर्माण में सकारात्मक योगदान के लिए लगायी कार्यशाला

● वेस इंडिया और वन विभाग का संयुक्त कार्यक्रम




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विकास एवं शिक्षण समिति (वेस इंडिया) तथा वाराणसी वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'सक्षम बेटियाँ – सशक्त भविष्य : वन सेवा से नेतृत्व तक–एक प्रेरक संवाद' विषय पर करियर एवं नेतृत्व मार्गदर्शन सत्र का आयोजन सारंग सभागार, वन भवन, वाराणसी में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवतियों एवं युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना, उन्हें उच्च सेवाओं के प्रति प्रेरित करना तथा उनके व्यक्तित्व निर्माण में सकारात्मक योगदान देना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रवि कुमार सिंह, भारतीय वन सेवा, वन संरक्षक, वाराणसी वृत्त रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वाति श्रीवास्तव, भारतीय वन सेवा, प्रभागीय वनाधिकारी, वाराणसी उपस्थित रहीं। दोनों अधिकारियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए युवाओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने, कठिन परिश्रम करने, अनुशासित रहने तथा समाज एवं राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

## जसपाल राणा के अंतिम संस्कार के लिए परिवार के लोग पहुंचे वाराणसी

**वाराणसी।** उत्तराखंड के दिग्गज शूटर और पद्मश्री जसपाल राणा का आज वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। चाचा राजेंद्र राणा ने बताया कि जसपाल राणा ने कई बार इच्छा जताई थी कि उनका अंतिम संस्कार मणिकर्णिका घाट पर हो। इसी वजह से परिवार ने वाराणसी में अंतिम संस्कार का निर्णय लिया है। शनिवार दोपहर 1 बजे उनका पार्थिव शरीर चार्टर्ड विमान से वाराणसी पहुंचा। अंतिम संस्कार में खेल और राजनीति जगत की कई प्रमुख हस्तियों के शामिल हुईं। सूत्रों के अनुसार राणा के अंतिम संस्कार में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के भी शामिल होने की खबर है।

# वाराणसी में पुरवा हवा का जोर

● दहलीज पर खड़ा मानसून खटखटा रहा है दरवाजा



**वाराणसी।** वाराणसी में पुरवा हवाओं का जोर अब पूरी तरह से प्रभावी हो रहा है। पुरवा की वजह से पसीना भी धूप में हो रहा है तो सूखने पर राहत का अहसास भी हो रहा है। मौसम का यह रुख सितम्बर माह के अंत तक बने रहने का अनुमान है। इसके बाद ठंडक का असर शुरू होने लगेगा। हालांकि उसके पूर्व मानसून तीन माह तक बारिश कराता रहेगा। वहीं दूसरी ओर मौसम विभाग ने मानसून के आने का संकेत दे दिया है। मानसून का रुख गोरखपुर से पूर्वांचल के अन्य जिलों की ओर होने जा रहा है। इसकी वजह से आजमगढ़, वाराणसी और मीरजापुर मंडल में मानसून गोखपुर के बाद सक्रिय होने का अनुमान है। इसके साथ ही मानसून तय समय पर या पहले ही आने का अनुमान जताया जा रहा है। शनिवार की सुबह वातावरण में नमी का असर बना रहा और धूप खिलने पर लोग पसीना पसीना भी होते रहे। इसकी साथ ही सुबह 11 बजे के बाद उमस और गर्मी का असर भी धूप के साथ नजर आया और लोग धूप से बचने की जुगत तलाशते नजर आए। इसके बाद दोपहर बादलों की सक्रियता का दौर शुरू हुआ और तेज हवाओं ने माहौल बदल दिया। हालांकि थोड़ी देर के बाद ही फिर धूप निकल आयी।

## वाराणसी में अब पांच मिनट रुकेगी महानगरी एक्सप्रेस

**वाराणसी।** जल्द ही यात्री मुंबई जाने वाली ट्रेन महानगरी की सवारी फिर कैंट (वाराणसी) स्टेशन से कर सकेंगे। रेलवे बोर्ड ने ट्रेन को पांच मिनट का विशेष ठहराव देने की मंजूरी दे दी है। कैंट पर ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए रेलवे बोर्ड के निदेशक कोचिंग संजय आर नीलम ने 22177/22178 (छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस–बनारस) महानगरी एक्सप्रेस समेत तीन महत्वपूर्ण ट्रेनों को पूर्वोत्तर रेल के बनारस रेल मंडल को सौंप दिया था। जिसके क्रम में महानगरी एक्सप्रेस 85 दिनों से बनारस रेलवे स्टेशन से ही मुंबई के लिए रवाना हो रही है। चूंकि इस ट्रेन की सवारी वर्षों से यात्री वाराणसी से करते चले आ रहे थे, इसलिए रेलवे के व्यापक प्रचार-प्रसार के बाद भी यात्रियों की ट्रेन छूटने और चलती ट्रेन से उतरने के फिराक में उनके घायल होने की घटनाएं बदस्तूर रहीं। ऐसे में रेलवे के निर्णय ने हजारों यात्रियों के चेहरे पर मुस्कुराहट लौटा दी है। रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक (कोचिंग) विवेक कुमार सिन्हा ने महानगरी को नया ठहराव देने का आदेश जारी करते हुए बनारस से मुंबई के लिए खुलने वाली महानगरी एक्सप्रेस को सुबह 9:35 के बजाए 9:30 बजे रवाना करने को कहा है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र-1**

विषयः पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी डिवीजन (मंडल) में औड़िहार जंक्शन (एआरजे)–छपरा जंक्शन (सीपीआर) खंड में 4x48 ओएफसी कार्य के साथ–साथ आसपास के स्टेशनों पर संबंधित सहायक कार्यों सहित निरंतर ट्रैक सर्किटिंग के लिए एमएसडीएसी (MSDAC) का उपयोग करते हुए स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग कार्य का सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य।

संदर्भः निविदा संख्या NER_SnT_Proj_ BSB_03_2026 दिनांक 22.05.2026 16:47 बजे।

विषयांकित निविदा के संदर्भ में निम्नलिखित शुद्धिपत्र 1 जारी किया जाता है। उपरोक्त निविदा के लिए बोली जमा करने की अंतिम तिथि 07.07.2026 से 21.07.2026 15:00 बजे तक बढ़ा दी गई है। निविदा 21.07.2026 को 15.30 बजे खुलेगी। अन्य सभी नियम शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी।

उपमुसिदूइं / प्रोजेक्ट, वाराणसी / पू०उ०रे०
मुजाधि / सिगनल- 55

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# वीकेएम की छात्राओं को रोटी बैंक ने किया सम्मानित

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वसंत कन्या महाविद्यालय की छात्राओं को रोटी बैंक द्वारा काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रबंधन संकाय में शुक्रवार को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।



राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम में ग्रीष्मावकाश में इंटर्नशिप कार्यक्रम पूर्ण होने पर रोटी बैंक द्वारा यह प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। प्रबंध संकाय के डायरेक्टर और प्रोफेसर डॉक्टर आशीष कुमार बाजपेई एवं डॉ रत्न शंकर मिश्रा (बीएचयू में कार्यालय प्रबंधन और कंपनी सचिव विभाग में सहायक प्रोफेसर) और छात्राओं की इंटर्नशिप सुपरवाइजर डॉक्टर शुभांगी श्रीवास्तव (हिंदी विभाग, वसंत कन्या महाविद्यालय) कार्यक्रम में मौजूद रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ आशीष वाजपेई ने किया। तत्पश्चात रोटी बैंक द्वारा सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया

# रीढ़ की जटिल सर्जरी में 'डिजिटल जीपीएस' तकनीक बनी सुरक्षा की नई पहचान : डा. पुनीत

● उम्र बढ़ने के साथ होने वाले जटिल विकार जीवन को बेहद कठिन बना सकते हैं



**वाराणसी।** रीढ़ की हड्डी में गंभीर विकृति (स्पाइनल डिफॉर्मिटी) जैसे स्कोलियोसिस या उम्र बढ़ने के साथ होने वाले जटिल विकार मरीजों के जीवन को बेहद कठिन बना सकते हैं। लगातार दर्द, चलने-फिरने में परेशानी, सांस लेने में कठिनाई और दैनिक गतिविधियों में बाधा जैसी समस्याएं मरीज की जीवन गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। हालांकि आधुनिक स्पाइन सर्जरी इन मरीजों को नया जीवन देने में सक्षम है, लेकिन पहले ऐसी जटिल सर्जरी के दौरान नसों को नुकसान पहुंचने और लकवे का खतरा मरीजों की सबसे बड़ी चिंता हुआ करता था। बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के चेयरमैन, मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ रोबोटिक्स एंड मिनिमल इनवेसिव स्पाइन सर्जरी तथा ऑर्थो स्पाइन, एमआईएस एवं रोबोटिक स्पाइन सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. पुनीत गिरधर ने बताया कि रीढ़ की हड्डी और स्पाइनल कॉर्ड शरीर के लिए एक महत्वपूर्ण संचार नेटवर्क की तरह कार्य करते हैं, जो मस्तिष्क से शरीर के विभिन्न हिस्सों तक संदेश पहुंचाते हैं। उन्होंने बताया कि आधुनिक मल्टीमोडल इंट्राऑपरेटिव न्यूरोमॉनिटरिंग तकनीक सर्जरी के दौरान रीढ़ और नसों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखती है। यह तकनीक किसी जीपीएस की तरह काम करती है और सर्जिकल टीम को वास्तविक समय में जानकारी उपलब्ध कराती है, जिससे नसों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324 9336929544
Email : janmukh.vns@gmail.com

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं :

**क्र.सं. :** 1, **ई-प्रापण निविदा संख्या :** उपमु.इं.-नि.-मुख्या.-गोर.-05-2026, **कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत गोरखपुर छावनी-वाल्मीकिनगर दोहरीकरण खण्ड के अन्तर्गत गोरखपुर छावनी (सहित)-कप्तानगंज (रहित) के मध्यम नए खोले गए दोहरीकरण खण्ड के रख-रखाव का कार्य, **अनुमानित निविदा मूल्य** : रु. 2,40,51,355.00, **बयाना राशि** : रु. 4,81,000.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु. 0.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** :06 (छः) माह।

• बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि - **24.06.2026** • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि - **दिनांक 08.07.2026 को 15.00 बजे तक।** • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - **दिनांक 08.07.2026 को 15.30 बजे।** • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**श्री निशांत कुमार सिंह, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/मुख्या./I मो.नं. 9594880852**
**श्री आर. के. चौधरी, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/मुख्या./II मो.नं. 9979484281**

उप मुख्य इंजीनियर/नि./मुख्या., पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर
मुजाधि/डब्ल्यू-173

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# इंदिरा नगर के घरों में अब पानी के टंकी की जरूरत खत्म 24 घंटे होगी जलापूर्ति



**वाराणसी।** नगर निगम के पायलट प्रोजेक्ट के तहत यहां 24×7 पेयजल आपूर्ति योजना की शुरुआत होने जा रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होते ही क्षेत्र के लोगों को चौबीसों घंटे शुद्ध पेयजल की आपूर्ति मिलेगी और उन्हें अपने घरों की छतों पर पानी की टंकी रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। योजना का 50 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा किया जा चुका है, जिसे जल्द से जल्द अंतिम रूप देने की तैयारी है। इस क्रम में शुक्रवार को नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने नेवादा वार्ड स्थित इंदिरा नगर कॉलोनी में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और गुणवत्ता के साथ कार्य समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

# गुणवत्ता के साथ परियोजनाएं शत-प्रतिशत पूरी होनी चाहिए

● वाराणसी दौरे पर आए सीएम का अधिकारियों को सख्त निर्देश



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों एवं विभागीय अभियंताओं के साथ लोक निर्माण विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा किया। मंडल में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराये जा रहे पुराने एवं गतिमान परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा के दौरान उन्होंने युद्धस्तर पर अभियान चलाकर मानक के अनुरूप गुणवत्ता के साथ समय से कार्य पूरा करायें जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने विशेष रूप से बरसात से पूर्व पूर्ण होने वाली परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देकर पूरा कराए जाने हेतु निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग द्वारा मंडल में कराये जाने वाले नए कार्यों से संबंधित परियोजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बताया गया कि वाराणसी क्षेत्र में 7175 करोड़ की 2630 परियोजनाएं चालू है। जिसमें से 687 कार्य शत प्रतिशत पूर्ण हो चुके है, 542 कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुके है। इस प्रकार वाराणसी जिले में 3223 करोड़ रुपए के 421 कार्य गतिमान हैं। जिसमें 85 कार्य शत प्रतिशत पूर्ण तथा 158 कार्य 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है। इस पर सीएम ने परियोजनाओं को शत-प्रतिशत, गुणवत्ता के साथ समय पर पूरी करने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीडब्ल्यूडी के गत् वर्ष के कार्यों के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्य योजना तत्काल उपलब्ध कराए तथा कार्य योजना तैयार करते समय धनराशि स्वीकृत हो एवं टेंडर प्रक्रिया भी साथ में हो, कोई वेटिंग नहीं होनी चाहिए। कार्यों में गति लाये जाने हेतु कमिश्नर एवं जिलाधिकारी अपने-अपने स्तर पर बैठक कर समीक्षा करें।

## जौनपुर समाचार

### छत पर शटरिंग करते समय करेंट से श्रमिक की मौत



**खेतासराय।** अब्बोपुर गांव निवासी एक श्रमिक की आजमगढ़ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान पर काम करते समय शुक्रवार की सुबह हाईटेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। अब्बोपुर निवासी संतू बिंद ने बताया कि उनका बेटा प्रमोद बिंद (23) दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। वह गांव के ही एक युवक के साथ आजमगढ़ के दीदारगंज थाना क्षेत्र के फूलेश गांव में निर्माणाधीन मकान की छत पर शटरिंग का कार्य कर रहा था। इसी दौरान छत के ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। करेंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर मौजूद लोग उसे तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। प्रमोद तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। परिवार की आर्थिक जिम्मेदारियों में वह पिता का हाथ बंटाता था। उसकी शादी महज दो महीने पहले हुई थी। अभी पत्नी के हाथों की मेहंदी भी नहीं छूटी थी कि पति की अर्थी उठ गई। घटना से पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने दीदारगंज थाने में तहरीर देकर मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सोनभद्र समाचार

### दो बाइक में भिड़ंत, बेटे की मौत, पिता घायल

**सोनभद्र।** जुगैल थाना क्षेत्र के बेलगड़ी में बृहस्पतिवार को दो बाइक में सीधी टक्कर होने से पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें मेडिकल कॉलेज ले आया गया, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की तड़के बेटे की मौत हो गई।

अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार जुगैल थाना क्षेत्र के बेलगड़ी निवासी राजेंद्र (49) अपने पिता रामपति को लेकर बाइक से कनहरा हुए थे। वहां से लौटते समय बेलगड़ी में सामने से आ रही एक बाइक से उनकी बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में राजेंद्र और रामपति घायल हो गए। दोनों को चोपन सीएचसी लाया गया, जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। भोर में इलाज के दौरान राजेंद्र की मौत हो गई।

## मीरजापुर समाचार

### निशुल्क दोना मेकिंग मशीन एवं पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन वितरण के चयन हेतु 14 जून तक आवेदन आमंत्रित

**मीरजापुर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमितेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि उ०प्र०खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा टूलकिट्स वितरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में निःशुल्क दोना मेकिंग मशीन एवं पॉपकार्न मेकिंग मशीन वितरण के चयन हेतु आवेदन पत्र दिनांक 14.06.2026 तक आमंत्रित किये जाते हैं।

जनपद में दोना बनाने वाले एवं पॉपकार्न बनाने वाले परम्परागत कारीगर एवं इस उद्योग में रूचि रखनें वाले अन्य व्यक्ति वेबसाईट– http://www.upkvib.gov.in /पर आनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन पत्र की एक प्रति समस्त प्रपत्रों सहित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, पथरहिया रोड, मीरजापुर में जमा कर दें। उक्त दिनांक के उपरान्त कोई आवेदन पत्र स्वीकार नही होगा।

आवेदको का चयन उनके द्वारा ऑनलाईन भरे गये स्कोर कार्ड के सत्यापन उपरान्त किया जायेगा।

अधिक जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में पथरहिया रोड स्थित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय मे सम्पर्क कर सकते हैं।

आवेदन पत्र में लगने वाले प्रपत्र– आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, जाति प्रमाण पत्र, राशन कार्ड/परिवार रजिस्टर, निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक इत्यादि।

## बलिया समाचार

### सड़क दुर्घटना में बलिया की महिला की मौत, पति-बेटी घायल

**नरही।** जिले के दौलतपुर गांव निवासी मनोज सिंह की कार झारखंड के बोकारो शहर में बृहस्पतिवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में मनोज सिंह की पत्नी ममता सिंह (50) की मौत हो गई। जबकि मनोज सिंह (53) वर्ष, बेटी रोमा सिंह (22) गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना की जानकारी दौलतपुर गांव में पहुंचते ही परिजन का रोते-रोते बुरा हाल रहा, रात में ही बोकारो के लिए निकल परिजन रवाना हो गए। दौलतपुर गांव के प्रधान अनिल सिंह ने बताया कि मनोज सिंह बोकारो में प्राइवेट नौकरी करते हैं। बृहस्पतिवार को देर रात अपने परिवार के साथ कार से बोकारो जा रहे थे। शहर में सामने से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इसमें उनकी पत्नी ममता सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। मनोज सिंह व पुत्री रोमा सिंह घायल हो गए हैं।

## सुल्तानपुर समाचार

### सड़क हादसे में बेटे की मौत, पिता गंभीर



**भदैंया/अलीगंज।** लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर असरोगा टोल प्लाजा के पास बृहस्पतिवार रात बेलामोहन निवासी बाइक सवार पिता-पुत्र अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, वहां चिकित्सक ने बेटे राम कैलाश को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली देहात के बेलामोहन निवासी छोटेलाल निषाद (65) अपने छोटे बेटे राम कैलाश निषाद (26) के साथ बाइक से अमेठी के मुसाफिरखाना एक चिकित्सक के यहां इलाज कराने गए थे। रात करीब नौ बजे पिता-पुत्र बाइक से घर लौट रहे थे। बाइक राम कैलाश चला रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उन्होंने हेलमेट नहीं पहना था। असरोगा टोल प्लाजा के पास अज्ञात वाहन से बाइक में टक्कर लग गई, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े।

गंभीर रूप से घायल पिता-पुत्र को एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। वहां चिकित्सक ने राम कैलाश को मृत घोषित कर दिया। छोटेलाल निषाद का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा था, जिन्हें बाद में लखनऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने राम कैलाश के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में मातम छा गया। गांव के लोग मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। दिवंगत राम कैलाश दो भाइयों में छोटे थे। उनके बड़े भाई अच्छेलाल मेहनत मजदूरी करते हैं। राम कैलाश का विवाह चार साल पहले गुड़िया से हुआ था,

## गाजीपुर समाचार

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, पिता ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**गाजीपुर।** जिले के भांवरकोल थाना क्षेत्र के महेशपुर प्रथम गांव में शुक्रवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। जानकारी के अनुसार महेशपुर प्रथम निवासी 32 वर्षीय शब्बा परवीन पत्नी मकसूद उर्फ बाबर खां को परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पीआरबी 112 और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तथा आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू की। मृतका के पिता अबुल कैश खान निवासी पलियां चुटहां, दिलदारनगर ने आरोप लगाया कि निकाह के बाद से ही उनकी पुत्री को ससुराल पक्ष के लोग प्रताड़ित करते थे।

## गोरखपुर समाचार

### ‘मेरी बिटिया 1 घंटे तक ताल में डूबती रही, कोई बचाने नहीं आया’ पत्नी से लिपटकर रोते रहे

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल में कूदकर जान देने वाली किशोरी की मौत ने उसके परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। पुलिस चौकी से देर रात घर पहुंचे पिता का दर्द हर किसी की आंखें नम कर रहा था। बेटी को याद करते हुए वह कभी पत्नी से लिपटकर रो पड़ते तो कभी बिलखते हुए कहते कि उन्होंने किसी का क्या बिगाड़ा था, जो उनकी बिटिया की जान ले ली गई। पिता ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह और उनकी पत्नी रोज की तरह काम पर निकल गए थे। दोपहर में छोटी बेटी ने मां को फोन कर बताया कि दीदी सुबह करीब 10 बजे घर से निकली थी और अभी तक वापस नहीं लौटी है। वह नीचे फल बेचने वाले के बच्चे को खिलाने के लिए घर से निकली थी। यह सूचना मिलते ही माता-पिता परेशान हो गए और करीब दो बजे घर पहुंच गए। आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश करने के बाद भी जब कोई जानकारी नहीं मिली तो पड़ोसी के साथ पैडलेगंज चौकी पहुंचे।

पिता बताते हैं कि चौकी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने मोबाइल में एक वीडियो दिखाया। वीडियो में तालाब से निकाले गए शव की तस्वीर थी। बेटी का चेहरा देखते ही उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। वह फफक पड़े। आंखों से आंसू बहने लगे और जुबान से सिर्फ एक ही शब्द निकला... ये मेरी बिटिया है...। बेटी की मौत को लेकर पिता का दर्द आरोप में भी बदल गया। उन्होंने कहा, लोग बता रहे हैं कि उनकी बेटी काफी देर तक पानी में संघर्ष करती रही। अगर समय रहते कोई मदद कर देता तो शायद वह बच जाती। उनकी बेटी एक घंटे तक ताल में डूबती रही लेकिन कोई उसे बचाने नहीं आया। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी बेहद सीधी और घर-परिवार तक सीमित रहने वाली बच्ची थी। वह सिर्फ स्कूल जाती और फिर घर लौट आती थी। कभी-कभी खाने-पीने के लिए 10 या 20 रुपये मांग लेती थी। उसकी किसी से दुश्मनी नहीं थी। अस्पताल परिसर में पत्नी को देखते ही पिता खुद को संभाल नहीं सके। दोनों एक-दूसरे से लिपटकर रोते रहे। उनकी चीख-पुकार सुनकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। जिस बेटी को पढ़ा-लिखाकर बड़ा बनाने के सपने माता-पिता देख रहे थे, उसी की अर्थी उठने की कल्पना ने पूरे परिवार को तोड़कर रख दिया है।

## प्रयागराज समाचार

### इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुलिस चौकी के पास बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

**प्रयागराज।** कर्नलगंज के विश्वविद्यालय पुलिस चौकी से थोड़ी दूरी पर शनिवार सुबह बुजुर्ग राम दुलारे कोरी (70) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची कर्नलगंज पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। शनिवार सुबह पुलिस को पता चला कि लल्ला चुंगी चौराहे पर एक बुजुर्ग सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं। पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में डॉक्टरों ने बताया कि उनके सीने में गोली लगी है। आधार कार्ड के आधार पर उनकी पहचान शिवकुटी थाना क्षेत्र के लाल की सराय निवासी राम दुलारे कोरी के रूप में हुई। एसीपी कर्नलगंज विमल किशोर मिश्रा मौके और अस्पताल पहुंचे।

## देवरिया समाचार

### ट्रेलर ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, एक की मौत, महिला समेत पांच घायल



**बरहज।** पलियां मोड़ स्थित एक पेट्रोल पंप के पास रामजानकी मार्ग पर शुक्रवार की दोपहर में बेकाबू ट्रेलर ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पैना निवासी तेजनारायण चौहान (70) की मौके पर मौत हो गई। वहीं, महिला सहित पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जोरदार धमाके और मची चीख-पुकार से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल हो गया था। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों की मदद से एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी भेजवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालत नाजुक देख मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया। कपरवार चौराहे से सवारियों को लेकर एक ई-रिक्शा बरहज की ओर जा रहा था। पलियां मोड़ के पास बरहज की ओर से आ रहा बेकाबू ट्रेलर ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसा देख अगल-बगल के लोग दौड़ पड़े। किसी तरह घायलों को ई-रिक्शा से निकाला गया। पैना निवासी तेजनारायण की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा बरहज के पटेल नगर निवासी विवेक निषाद (38), आजमगढ़ के दिलशाद (35), तेलियां शुकू गांव की पार्वती देवी (60), मईल थाना क्षेत्र के आकाश यादव (27), कपरवार की अंजनी मद्धेशिया (24) घायल हो गईं।

## भदोही समाचार

### भ्रष्टाचार में जमुनीपुर अठगवां का लेखपाल निलंबित

**ज्ञानपुर।** भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे भदोही तहसील के जमुनीपुर अठगवां के लेखपाल मोहम्मद इरफान को एसडीएम अरुण गिरी ने प्रथम दृष्टया जांच में दोषी मिलने पर निलंबित कर दिया। निलंबित लेखपाल को रजिस्ट्रार कार्यालय अटैच किया गया। विभागीय कार्रवाई के लिए लिखापढ़ी की गई है। जमुनीपुर अठगवां के ग्रामीणों ने सोमवार को डीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा। जिसमें सरकारी जमीन पर कब्जा दिलाने के नाम पर लेखपाल पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। लेखपाल से बातचीत का एक आडियो भी सौंपा। मामले को संज्ञान में लेते हुए डीएम ने एसडीएम भदोही को जांच का निर्देश दिया। मामला भ्रष्टाचार से जुड़ा होने पर तहसीलदार भदोही ने 12 घंटे में ही जांच को पूर्ण कर लिया। आडियो रिकार्डिंग पर लेखपाल का बयान लिया।

## चंदौली समाचार

### पुलिस को देखकर डर गया आरोपी, बोला- लवकुश मुझे गालियां देता था, इसलिए मार डाला



**चंदौली।** जिले के गांव प्रतापपुर के आदर्श इंटर कॉलेज में एक्स्ट्रा क्लास के दौरान सहपाठी ने 10वीं के छात्र लवकुश यादव (17) के सीने में चाकू से चार बार वार कर हत्या कर दी। पुलिस की पूछताछ में आरोपी छात्र ने बताया कि लवकुश उसे दुबला-पतला कहकर चिढ़ाता था। कुछ दिन पहले इसी बात पर दोनों के बीच हाथापाई हुई थी। इसके बाद से वह बदला लेने की फिराक में था। एएसपी अनंत चंद्रखेशर के मुताबिक, कक्षा में लवकुश की हत्या के बाद पुलिस को देखकर बाल अपचारी डर गया। पुलिस को सबकुछ बताने लगा। बताया कि लवकुश उसे काफी दिनों से गालियां दे रहा था। उसने काफी दिनों तक बर्दाश्त किया। चार दिन पहले फिर गाली दी तो उसने कहा कि मैं चाकू से मार दूंगा। इस पर लवकुश ने गाली देते हुए कहा कि जो करना है कर ले। उसके बाद इसने घटना को अंजाम दिया। पुलिस की अभिरक्षा में छात्र पूरे दिन सामान्य रहा। जिला मुख्यालय से 10 किमी दूर चंदौली कोतवाली क्षेत्र के गांव प्रतापपुर निवासी बबलू यादव एक निजी कंपनी में चालक हैं। उनका बेटा लवकुश यादव गांव के आदर्श इंटर कॉलेज में हाईस्कूल का छात्र था। स्कूल की तरफ से गणित की एक्स्ट्रा क्लास (अतिरिक्त कक्षा) कराई जा रही थी। इसमें लवकुश भी पढ़ रहा था। बृहस्पतिवार को बबलू यादव और उनकी पत्नी विमला अयोध्या दर्शन-पूजन के लिए गए थे। शुक्रवार की सुबह लवकुश क्लास करने गया था। वह कक्षा में आगे वाली सीट पर बैठा था। ठीक पीछे बैठा सहपाठी अचानक उठकर लवकुश के पास पहुंचा और चाकू से लवकुश के सीने में ताबड़तोड़ चार वार कर दिए। इससे लवकुश लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। यह देखकर अन्य छात्रों में चीख-पुकार मच गई। आरोपी चाकू लेकर वहीं खड़ा रहा। शिक्षकों ने घायल लवकुश को अस्पताल पहुंचाया, यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद लवकुश के परिवार में कोहराम मचा है। नई पीढ़ी के बच्चे मोबाइल फोन और वीडियो गेम के माध्यम से सब कुछ देख रहे हैं। उनका मानसिक विकास इतना नहीं होता कि वे सही गलत का फर्क कर सकें। हिंसात्मक वीडियो देखने के बाद उनकी मनोवृत्ति बदल जाती है।

## आजमगढ़ समाचार

### मां के साथ हुई मारपीट का बदला लेने के लिए की थी बुजुर्ग की हत्या



**आजमगढ़।** जिले के शेखपुरा गांव में 70 वर्षीय वृद्ध की निर्मम हत्या का पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। हत्या के आरोपी अभय चौहान उर्फ मत्तू को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। सीओ सिटी शुभम तोदी ने बताया कि शेखपुरा निवासी भुआल चौहान (70) अपने घर के बाहर पशुशाला के पास बने कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावर ने धारदार हथियार से उनका गला रेतकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में गठित टीम जांच के दौरान आरोपी अभय चौहान उर्फ मत्तू तक पहुंची। शुक्रवार देर रात सूचना मिली कि आरोपी अवैध असलहे के साथ बंशी बाजार-उकरौड़ा मार्ग से एक्सप्रेस-वे की ओर जा रहा है। पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी भागने लगा। बाइक फिसलने के बाद उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस से हुई पूछताछ में आरोपी ने बताया कि करीब 15 वर्ष पहले उसकी मां के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर वह भुआल चौहान से रंजिश रखता था। इसी दुश्मनी के चलते उसने सोते समय चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी थी।

## मऊ समाचार

### जुलाई में होगा मऊ जंक्शन के कायाकल्प का लोकार्पण, 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज, तीन एस्केलेटर और एक लिफ्ट लगाई जा रही



**मऊ।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 52.65 करोड़ रुपये की लागत से मऊ जंक्शन रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। दो वर्षों में स्टेशन का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है।

यात्रियों की सुविधा के लिए तीन एस्केलेटर और एक लिफ्ट लगाई जा रही है। इसके अलावा 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज का निर्माण भी प्रगति पर है।

स्टेशन परिसर में 5500 वर्ग मीटर क्षेत्र में ग्रेनाइट लगाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जुलाई में कायाकल्प कार्य का लोकार्पण प्रस्तावित है। पहले 15 जून तक लोकार्पण होना था, लेकिन किसी कारणवश इसे स्थगित कर दिया गया। रेलवे की ओर से अब लोकार्पण की तैयारियां तेज कर दी गई हैं और शेष छोटे कार्य तेजी से पूरे किए जा रहे हैं।

पुनर्विकास योजना के तहत 3000 वर्ग मीटर क्षेत्र में स्टेशन भवन, फ्रंट एरिया और पोर्च का कार्य पूरा हो चुका है। सामने के हिस्से में आकर्षक लाइटें लगाई गई हैं। स्टेशन मार्ग को सुगम बनाया गया है। सर्कुलेटिंग एरिया में 600 मीटर ड्रेनेज, 1250 मीटर चहारदीवारी, 15 हजार वर्ग मीटर सड़क, 2000 वर्ग मीटर पार्किंग और 3000 वर्ग मीटर पाथवे का कार्य पूरा कर लिया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफॉर्म का विस्तार किया गया है और 5500 वर्ग मीटर में ग्रेनाइट लगाने का कार्य जारी है। स्टेशन भवन का सौंदर्यीकरण, बेहतर प्रवेश एवं निकास द्वार, आधुनिक प्रतीक्षालय, उन्नत प्रसाधन, बेहतर प्रकाश व्यवस्था और प्लेटफॉर्म का उच्चीकरण किया गया है। यात्रियों के बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण भी किया जा रहा है। यात्रियों को धूप और बारिश से बचाने के लिए 32-वे पीपी शेल्टर बनाए गए हैं। मऊ जंक्शन पूर्वी उत्तर प्रदेश का एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है, जो नई दिल्ली, मुंबई, सूरत, अहमदाबाद, कोलकाता, पुणे, लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, जयपुर, रांची और अमृतसर जैसे प्रमुख शहरों से जुड़ा है। यहां से 44 मेल, एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें संचालित होती हैं। पुनर्विकास का काम पूरा होने और मऊ–शाहगंज, इंदारा– फेफना तथा भटनी–औड़िहार रेलखंडों के दोहरीकरण के बाद बढ़े हुए यात्री दबाव को संभालने में सुविधा होगी।

## लाइफ मंत्र

### अमर कथा का रहस्य सुनाने से पहले महादेव ने क्यों तोड़ दिए सारे सांसारिक बंधन, जानें इसके पीछे की पूरी कहानी

भगवान शिव से जुड़ी अनेक कथाएं और रहस्य ऐसे हैं, जो आज भी लोगों को आश्चर्य में डाल देते हैं। उन्हीं में से एक रहस्य जुड़ा है अमरनाथ गुफा में सुनाई गई अमर कथा से। कहा जाता है कि माता पार्वती को अमरत्व का रहस्य बताने से पहले भगवान शिव ने एक ऐसा निर्णय लिया था, जिसे जानकर हर कोई हैरान रह जाता है। क्या आप जानते हैं कि अमर कथा सुनाने के लिए जाते समय भगवान शिव ने अपने प्रिय वाहन नंदी को छोड़ दिया था। इतना ही नहीं, उन्होंने भगवान गणेश, अपने नाग, चंद्रमा और यहां तक कि पंचतत्वों का भी त्याग कर दिया था। लेकिन आखिर इसकी क्या वजह थी और आखिर भगवान शिव ने ऐसा कौन-सा रहस्य सुनाने का निश्चय किया था, जिसे कोई अन्य जीव सुन न सके। तो आइए जानते हैं भगवान शिव



के दुनिया को त्यागने के पूछे की कहानी के बारे में- पौराणिक कथाओं के अनुसार, एक दिन माता पार्वती की नजर भगवान शिव के गले में विराजमान मुंडमाला पर पड़ी। उनके मन में जिज्ञासा जागी और उन्होंने महादेव से पूछा, स्वामी, आपके गले में यह मुंडमाला क्यों है? इसके पीछे क्या रहस्य छिपा है? माता पार्वती का प्रश्न सुनकर भगवान शिव मुस्कुराए और बोले, देवी, इस माला में जो मुंड हैं, वे तुम्हारे ही विभिन्न जन्मों की स्मृतियां हैं। जब-जब तुमने नया जन्म लिया, तब-तब मैंने एक और मुंड इस माला में जोड़ लिया। यह सुनकर माता पार्वती आश्चर्यचकित रह गईं। उन्होंने कहा, यदि मैं बार-बार जन्म लेती और मृत्यु को प्राप्त होती हूं, तो आप कैसे अमर हैं। मुझे भी इस रहस्य को जानने की इच्छा है।

तब भगवान शिव ने उत्तर दिया, देवी, यह साधारण रहस्य नहीं है। इसके पीछे अमरत्व का गूढ़ ज्ञान छिपा हुआ है। यदि तुम इसका वास्तविक कारण जानना चाहती हो, तो तुम्हें अमर कथा सुननी होगी। इसके बाद भगवान शिव ने माता पार्वती को अमरत्व का रहस्य सुनाने का निश्चय किया। लेकिन वे जानते थे कि यह ज्ञान इतना दुर्लभ और शक्तिशाली है कि इसे किसी अन्य जीव, देवता या गण द्वारा नहीं सुना जाना चाहिए। इसलिए उन्होंने ऐसे स्थान की खोज शुरू की जहां पूर्ण एकांत हो और कोई भी जीवित प्राणी मौजूद न हो। इसी उद्देश्य से भगवान शिव माता पार्वती को लेकर हिमालय की दुर्गम पर्वत श्रृंखलाओं की ओर चल पड़े। कहा जाता है कि यात्रा के दौरान उन्होंने अपने प्रत्येक साथी और प्रतीक को अलग-अलग स्थानों पर छोड़ना शुरू कर दिया, ताकि अमर कथा का रहस्य पूरी तरह सुरक्षित रह सके। मान्यता है कि सबसे पहले पहलगाम में उन्होंने अपने प्रिय वाहन और परम भक्त नंदी को वहीं रुकने का आदेश दिया। इसके बाद आगे बढ़ते हुए शेषनाग क्षेत्र में अपने साथ रहने वाले नागों को छोड़ दिया। फिर महागुण पर्वत के पास उन्होंने भगवान गणेश को विराम दिया। यात्रा के अंतिम चरण में पंचतरणी पहुंचकर भगवान शिव ने पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश जैसे पंचमहाभूतों का भी प्रतीकात्मक रूप से त्याग कर दिया। माना जाता है कि ऐसा करके उन्होंने स्वयं को समस्त सांसारिक बंधनों और पहचान से मुक्त कर लिया। अंततः लंबी और कठिन यात्रा के बाद भगवान शिव और माता पार्वती एक निर्जन गुफा तक पहुंचे, जहां चारों ओर केवल बर्फ, सन्नाटा और हिमालय की विशाल पर्वत श्रृंखलाएं थीं। यही पवित्र स्थान आगे चलकर अमरनाथ धाम के नाम से प्रसिद्ध हुआ। कथाओं के अनुसार भगवान शिव ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि वहां कोई भी जीवित प्राणी मौजूद न रहे, अपनी दिव्य शक्ति से पूरे क्षेत्र को निर्जन बना दिया। इसके बाद वे माता पार्वती के साथ गुफा में विराजमान हुए और अमरत्व, जीवन, मृत्यु तथा सृष्टि के रहस्यों से जुड़ी अमर कथा सुनाना शुरू कर दिया। भगवान शिव को पूर्ण विश्वास था कि वहां कोई भी अन्य जीव उपस्थित नहीं है। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था।

लोककथाओं के अनुसार, गुफा के एक कोने में कबूतरों का एक जोड़ा छिपा हुआ था। वे अनजाने में भगवान शिव द्वारा सुनाई जा रही पूरी अमर कथा सुन बैठे। कहा जाता है कि उस दिव्य ज्ञान को सुनने के कारण वे साधारण पक्षी नहीं रहे और उन्हें विशेष आशीर्वाद प्राप्त हुआ। यही वजह है कि अमरनाथ से जुड़ी मान्यताओं में उन अमर कबूतरों का उल्लेख आज भी किया जाता है।

कई श्रद्धालु दावा करते हैं कि उन्हें अमरनाथ गुफा के आसपास कबूतरों का एक जोड़ा दिखाई देता है। अत्यधिक बर्फबारी, कठिन मौसम और कड़ाके की ठंड के बावजूद इन पक्षियों का वहां दिखाई देना भक्तों के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं माना जाता।

## सब कुछ था Booked, ऐन मौके पर रणवीर सिंह ने डॉन 3 को मारी लात? अशोक पंडित ने बताई पूरी इनसाइड स्टोरी



डॉन 3 विवाद पर अशोक पंडित ने खुलासा किया है कि शूटिंग से ठीक पहले रणवीर सिंह ने 'धुरंधर' जैसा फॉर्मूला अपनाने की मांग की थी। जब फरहान अख्तर से बात नहीं बनी और होटल-टिकट बुक हो चुके थे, तो विवाद इतना बढ़ा कि रणवीर को फिल्म से बाहर होना पड़ा। बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह और डॉन 3 के मेकर्स के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब इस मामले में एक नया और चौंकाने वाला मोड़ सामने आया है। फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज के चीफ एडवाइजर अशोक पंडित ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि जब डॉन 3 की पूरी यूनिट शूटिंग पर निकलने ही वाली थी, ठीक उससे पहले रणवीर सिंह ने फिल्म को लेकर कुछ अजीब फरमाइशें रख दीं, जिसके बाद विवाद बढ़ता चला गया।

**धुरंधर जैसा फॉर्मूला चाहते थे रणवीर सिंह**

अशोक पंडित के मुताबिक, रणवीर सिंह चाहते थे कि डॉन 3 को भी सुपरहिट फिल्म धुरंधर के यूनिवर्स की तरह ही बनाया जाए, क्योंकि वह फॉर्मूला बॉक्स ऑफिस पर पहले ही हिट हो चुका था। रणवीर की इस मांग पर डायरेक्टर फरहान अख्तर ने फिल्म की कहानी में कुछ बदलाव करने की कोशिश भी की, लेकिन आखिरकार बात नहीं बन पाई। अशोक पंडित ने बताया कि धुरंधर 2 के हिट होने के बाद रणवीर के हाव-भाव बदल गए थे। जब फिल्म के कपड़े सिल चुके थे, होटल और हवाई जहाज के टिकट बुक हो चुके थे और टीम 3 हफ्ते बाद शूटिंग पर जाने वाली थी, तब अचानक इस तरह फिल्म को नहीं छोड़ा जा सकता था।

**फरहान अख्तर से बात करने को तैयार नहीं थे एक्टर**

इंटरव्यू में यह भी साफ हुआ कि विवाद इतना बढ़ गया था कि रणवीर सिंह, फरहान अख्तर से सीधे बात करने को भी तैयार नहीं थे। मामले को सुलझाने के लिए पहले आमिर खान जैसे बड़े सितारों ने भी मध्यस्थता करने की कोशिश की, लेकिन जब बात नहीं सुधरी, तब यह मामला एसोसिएशन के पास पहुंचा। अशोक पंडित ने कहा कि उनके पास रणवीर और फरहान के बीच हुई बातचीत के पुख्ता चैट्स और सबूत थे, जिसके आधार पर ही एसोसिएशन को यह कड़ा कदम उठाना पड़ा।

**अब डॉन 3 का हिस्सा नहीं हैं रणवीर सिंह**

क्रिएटिव डिफरेंसेज के कारण यह मामला सिर्फ एसोसिएशन तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि कोर्ट की चौखट तक भी पहुंच गया। आखिरकार, इन तमाम विवादों के बाद रणवीर सिंह ने डॉन 3 से पूरी तरह अपने कदम पीछे खींच लिए हैं और अब वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। हालांकि, उन्होंने फिल्म छोड़ने के साथ ही मेकर्स को हुए नुकसान का पूरा खर्च उठाने का भरोसा भी दिया है।



## 'मैं इस नफ़रत के लायक हूँ...', 370 रुपये की बिरयानी' विवाद पर चौतरफा घिरे कॉमेडियन Pranit More, वीडियो जारी कर मांगी सार्वजनिक माफ़ी

इंटरनेट पर पिछले कुछ दिनों से सुर्खियां बटोर रहे '370 रुपये की बिरयानी' (Rs 370 Biryani Controversy) विवाद में अब नया मोड़ आ गया है। इस विवाद के केंद्र में रहे स्टैंड-अप कॉमेडियन प्रणित मोरे (Pranit More) ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर देश के लोगों और महिलाओं से सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगी है। कानूनी कार्रवाई और चौतरफा आलोचना झेल रहे मोरे ने स्वीकार किया कि वे शो के दौरान चुप रहकर और उस आपत्तिजनक बयान को मंच देकर बड़ी गलती कर बैठे। शनिवार को, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें बताया कि उनका अकाउंट पहले सस्पेंड कर दिया गया था। माफ़ी वाले वीडियो में, उन्होंने कहा कि वह इस नफ़रत के लायक थे क्योंकि वह उस व्यक्ति को ऐसे बयान देने से रोक सकते थे और इसके बजाय उसे एक प्लेटफ़ॉर्म दिया, जिससे बात और बढ़ गई। उन्होंने दर्शकों से उन्हें एक मौका देने की अपील की और उन्हें भरोसा दिलाया कि वह एक बेहतर इंसान बनेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने खिलाफ़ चल रही कानूनी कार्रवाई में अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहे हैं।

**प्रणित मोरे ने '370 रुपये की बिरयानी' विवाद के बाद सबके सामने माफ़ी मांगी**

> **उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें बताया कि उनका अकाउंट पहले सस्पेंड कर दिया गया था। माफ़ी वाले वीडियो में, उन्होंने कहा कि वह इस नफ़रत के लायक थे क्योंकि वह उस व्यक्ति को ऐसे बयान देने से रोक सकते थे और इसके बजाय उसे एक प्लेटफ़ॉर्म दिया, जिससे बात और बढ़ गई।**

वीडियो में, प्रणित मोरे ने कहा, हेलो, तो बात यह है कि मैं यह बहुत पहले से कहना चाहता था, लेकिन मेरा इंस्टाग्राम सस्पेंड हो गया। आप सबने मेरा क्राउड वर्क देखा होगा, जिसकी वजह से मुझे बहुत हेट मिल रही है। और मुझे लगता है कि मैं शायद इस हेट के लायक भी हूँ। उन्होंने आगे कहा, क्योंकि जब मैं उस आदमी के साथ क्राउड वर्क कर रहा था, तो उसने कुछ गलत बातें कहीं और सब लोग उन पर हंस रहे थे, मैं भी बहक गया और यह मेरी समझ में कमी हो गई। मुझे लगता है कि यह मेरी सबसे बड़ी गलती थी। मैं उसे वहीं रोक सकता था, लेकिन मैंने उसे एक ऐसा प्लेटफॉर्म दिया जिससे मामला और बिगड़ गया। मैं उन सभी से माफी मांगना चाहता हूं जिन्हें इस वजह से दुख पहुंचा है। मैं अपने खिलाफ किसी भी कानूनी कार्रवाई में अधिकारियों के साथ सहयोग भी कर रहा हूं। मैं आप सभी से बस यही रिक्वेस्ट करता हूं कि मुझे एक और मौका दें। मैं साबित कर दूंगा कि मैं एक बेहतर इंसान बन सकता हूं)।'

**'370 रुपये की बिरयानी' विवाद पर NCW ने प्रणी मोरे और हिमांशु जांगड़ा को तलब किया**

इससे पहले, स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणी मोरे और हिमांशु जांगड़ा को नेशनल कमीशन फॉर विमेन (NCW) ने तलब किया था। कमीशन ने गुरुग्राम के एक स्टैंड-अप कॉमेडी शो के दौरान की गई कथित टिप्पणियों पर खुद से संज्ञान लिया है, जिसमें कथित तौर पर यौन उत्पीड़न को बढ़ावा दिया गया था और उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां थीं। महिलाएं। कमीशन ने ऐसे कंटेंट पर चिंता जताई जो किसी महिला की सहमति और इज़्ज़त का अनादर करने को एंटरटेनमेंट की तरह दिखाता है। NCW के मुताबिक, ऐसा कंटेंट महिलाओं की सेफ्टी और जेंडर-बेस्ड वायलेंस के बारे में समाज की समझ को नुकसान पहुंचा सकता है। हालांकि, महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने भी वायरल Rs370 बिरयानी कॉन्ट्रोवर्सी को लेकर प्रणित मोरे के खिलाफ FIR दर्ज की है। प्रणित मोरे से जुड़ा Rs 370 बिरयानी वायरल कॉन्ट्रोवर्सी क्या है?

जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि यह कॉन्ट्रोवर्सी प्रणित मोरे के एक स्टैंड-अप कॉमेडी शो से शुरू हुई थी, जिसके दौरान एक ऑडियंस मेंबर, जिसका नाम हिमांशु जांगड़ा था, ने ऐसी बातें कहीं जो कई दर्शकों को ऑफेंसिव और औरतों से नफ़रत करने वाली लगीं। इन कमेंट्स में कहा गया था कि एक महिला पर पैसे खर्च करने से एक आदमी को बदले में कुछ उम्मीदें रखने का हक मिलता है। इस शो के क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद, इन बातों की बहुत बुराई हुई, जिससे ऑडियंस मेंबर और कॉमेडियन दोनों के खिलाफ बातचीत के दौरान दखल न देने के लिए रिएक्शन हुआ। हिमांशु जांगड़ा ने इस बारे में बात की। एक औरत के साथ बाहर खाना खाने जा रहा था। उसने कहा कि खाने के बाद, उस औरत ने उससे घर छोड़ने के लिए कहा, जिससे वह हैरान रह गया। फिर उसने कहा कि क्योंकि उसने खाने पर Rs 370 खर्च किए थे, इसलिए उसे बदले में 'फिजिकल इंटिमेसी' के रूप में कुछ चाहिए था। घटना का जिक्र करते हुए उसने कहा, 'मैंने कहाँ की Rs 370 लगे हैं तो उसे वसूल तो करूँगा ही।' फिर उसने स्थिति बताई, और उसकी बातें ऑनलाइन वायरल हो गईं।

मज़ाक में खास तौर पर Rs 370 बिरयानी का जिक्र था, जो बाद में कॉन्ट्रोवर्सी का सेंटर बन गया।

## FIFA World Cup Opening Ceremony | नोरा फतेही और वेजड्रीम की परफॉर्मेंस ने बांधा समां, सेरेमनी की तस्वीरें और वीडियो वायरल



कनाडा के खेल इतिहास में शुक्रवार का दिन एक नया मील का पत्थर साबित हुआ। देश में पहली बार आयोजित हो रहे फीफा फुटबॉल विश्व कप का टोरंटो में बेहद रंगारंग और भव्य उद्घाटन हुआ। ग्रुप B के पहले मुकाबले से ठीक पहले आयोजित इस ओपनिंग सेरेमनी में वैश्विक संगीत और बॉलीवुड का तड़का देखने को मिला।

कनाडा के खेल इतिहास में शुक्रवार का दिन एक नया मील का पत्थर साबित हुआ। देश में पहली बार आयोजित हो रहे फीफा फुटबॉल विश्व कप का टोरंटो में बेहद रंगारंग और भव्य उद्घाटन हुआ।

ग्रुप B के पहले मुकाबले से ठीक पहले आयोजित इस ओपनिंग सेरेमनी में वैश्विक संगीत और बॉलीवुड का तड़का देखने को मिला। हालांकि, इस ऐतिहासिक शुरुआत के बीच स्टेडियम में खाली सीटों को लेकर सोशल मीडिया पर विवाद भी खड़ा हो गया है, जिस पर फीफा (FIFA) को आधिकारिक सफाई देनी पड़ी है।

**नोरा फतेही का जादू और ग्लोबल स्टार्स की परफॉर्मेंस**

टोरंटो के प्रतिष्ठित BMO फील्ड स्टेडियम में आयोजित इस ओपनिंग सेरेमनी में बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस और डांसर नोरा फतेही मुख्य आकर्षण रहीं। नोरा ने विश्व कप के ऑफिशियल एंथम 'सीर सीर' (Siir Siir) पर अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके अलावा सेरेमनी में कई अन्य वैश्विक कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया: मशहूर आर्टिस्ट वेजड्रीम (Wajedream) और संजॉय ने अपनी जुगलबंदी से टोरंटो के स्टेडियम में समां बांधा।

मैच शुरू होने से ठीक पहले कनाडाई मूल के मशहूर सिंगर जेसी रेयेज़ और एलेसिया कारा ने परफॉर्म किया। फिलिस्तीनी मूल की उभरती हुई ग्लोबल आर्टिस्ट एलियाना ने भी अपनी जादुई आवाज से समां बांध दिया। इस ग्रैंड सेरेमनी के तुरंत बाद को-होस्ट कनाडा और बोस्निया-हर्जेगोविना के बीच मुकाबला शुरू हुआ। गौरतलब है कि बोस्निया-हर्जेगोविना ने यूरोप की दिग्गज टीम इटली को हराकर इस विश्व कप में जगह बनाई है।

**प्रशंसकों की आलोचना और खाली सीटों का विवाद**

एक तरफ जहां मैदान पर सितारों का मेला था, वहीं दूसरी तरफ कुछ प्रशंसकों को यह ओपनिंग सेरेमनी उम्मीद के मुताबिक रोमांचक नहीं लगी और उन्होंने सोशल मीडिया पर फीफा की आलोचना की। इसके अलावा, टोरंटो के स्टेडियम में कई सीटें खाली दिखाई दीं। यही स्थिति मेक्सिको के ग्वाडलहारा में स्थित एस्टाडियो एक्रोन में खेले गए दक्षिण कोरिया बनाम चेकिया (चेक गणराज्य) के मैच के दौरान भी देखने को मिली। हालांकि, मेक्सिको सिटी का मुख्य एज़्टेक स्टेडियम पूरी तरह खचाखच भरा हुआ था।

टिकट रीसेल की रिपोर्ट: रिपोर्ट्स के मुताबिक, टूर्नामेंट की शुरुआत से महज एक दिन पहले तक फीफा के ऑफिशियल रीसेल प्लेटफॉर्म पर करीब 180,000 टिकट दोबारा बिक्री के लिए उपलब्ध थे, जबकि ग्रुप स्टेज के लगभग 15,000 टिकट फीफा की वेबसाइट पर सीधे खरीदे जाने के लिए खाली पड़े थे।

**खाली सीटों के दावों पर फीफा (FIFA) का आधिकारिक पलटवार**

ग्वाडलहारा और टोरंटो के स्टेडियमों में खाली सीटों के विजुअल्स वायरल होने के बाद फीफा ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया। फीफा मीडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर एक बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की: 'आधिकारिक उपस्थिति (Official Attendance) के आंकड़े हमेशा स्कैन किए गए टिकटों और स्टेडियम के भीतर मौजूद कुल दर्शकों की वास्तविक संख्या पर आधारित होते हैं, न कि मैच के दौरान सीटों पर बैठे लोगों के विजुअल अंदाज़े पर। फीफा हमेशा स्टेडियम अधिकारियों और टिकटिंग टीमों के साथ मिलकर वेरिफाइड ऑपरेशनल डेटा ही पब्लिश करता है।'

फीफा ने खाली सीटों का कारण समझाते हुए आगे कहा, 'ग्वाडलहारा में मैच के दौरान कई टिकट धारक प्रशंसक अपनी तय कुर्सियों पर बैठने के बजाय स्टेडियम के कॉनकोर्स (घूमने-फिरने और फूड कोर्ट वाली जगह) में खड़े होकर मैच का लुत्फ उठा रहे थे, जिसके कारण सीटें खाली नजर आ रही थीं।' कनाडा के लिए यह विश्व कप एक ऐतिहासिक आयोजन है। ओपनिंग सेरेमनी के मिले-जुले रिस्पॉन्स और टिकटों की रीसेल के विवाद के बावजूद, फुटबॉल के इस महाकुंभ को लेकर उत्तरी अमेरिका (कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका) में दीवानगी आने वाले दिनों में और बढ़ने की उम्मीद है।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज. वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी

शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साईं मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप

NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682